स्क्रूटनी के बाद चुनाव के लिए अंतिम सूची में 3 नाम


तरुण चुघ

महेश केवट

रजनीश अग्रवाल

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 जून. प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के क्रम में नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्यसभा उम्मीदवारों के नामों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है. इस सूची में भाजपा के तीनों उम्मीदवारों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट के नाम शामिल हैं.

तीनों उम्मीदवारों की अंतिम सूची में जो क्रम है, उसमें महेश केवट दूसरे नंबर पर है. नामांकन निरस्त होने के बाद सूची में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नाम शामिल नहीं है. इससे साफ हो गया है कि भाजपा के तीनों उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचन की अब केवल औपचारिकता भर बाकी रह गई है. 11 जून नाम वापसी की अंतिम तिथि है.

रिटर्निंग ऑफिसर ने 9 जून को स्क्रूटनी के बाद कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया था, तेलंगाना में एक मामले में नोटिस जारी होने की जानकारी उन्होंने नामांकन में नहीं दी थी, जिस पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई थी, आपत्ति पर गहमागहमी के बीच सुनवाई हुई, परीक्षण के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निरस्त कर दिया. इससे कांग्रेस की एक सीट जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है. एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या बल मौजूद था, लेकिन मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद कांग्रेस में अंदरूनी तौर पर उनका विरोध भी शुरू हो गया था. बाहर से कांग्रेसी नेताओं ने भले ही एकजुटता दिखाने की कोशिश की, इस बीच भाजपा को कांग्रेस के इस कलह की भनक मिलते ही उन्होंने भी तीसरा उम्मीदवार महेश केवट के रूप में मैदान में उतार दिया. इससे कांग्रेस विधायकों में सेंधमारी के डर से उन्हें बैंगलुरू शिफ्ट करने के लिए विशेष विमान भी आ गया था.

गेट पर टांग दिया आरएसएस का गणवेश

इस 75 सीटर विमान ने 38 विधायक और उनके परिजन, स्टॉफ के साथ उड़ान भरने की तैयारी कर ली थी और ये रनवे पर भी पहुंच गया था, इससे पहले की विमान बैंगलुरू के लिए उड़ान भरे, विधायकों तक ये सूचना पहुंच गई कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया गया है, उसके बाद विमान रनवे से वापस लौट आया. नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में बीती देर रात प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में धरना भी दे दिया था, लेकिन ये धरना पूरी रात नहीं चला. बुधवार को एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस के नेता सीईओ कार्यालय पहुंचे, लेकिन उन्हें गेट बंद मिला. ऐसे में विरोध प्रर्दशन करते हुए उन्होंने आरएसएस का गणवेश गेट पर टांग दिया.

कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 72 अभ्यर्थियों का चयन

सिंगरौली, 10 जून. युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई सिंगरौली में 9 जून को एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में एमआरएफ टायर गोवा द्वारा प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर कुल 79 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कंपनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया के उपरांत 72 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। संस्था के प्राचार्य श्यामलाल ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे रोजगारोन्मुखी आयोजन युवाओं को उद्योगों से जोड़ने तथा उनके कौशल को रोजगार में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

नामांकन निरस्त होने के विरोध में किया उपवास

लोकतंत्र पर हमले का आरोप

विशेष संवाददाता

भोपाल, 10 जून. राज्यसभा चुनाव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र को निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने राजधानी भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर दिनभर का उपवास और धरना-प्रदर्शन आयोजित किया.

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने तथा

संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया. धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतांत्रिक परंपराओं पर अभूतपूर्व हमला बताया. नेताओं का कहना था कि भाजपा राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रक्रियागत उपायों के माध्यम से विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास कर रही है. पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि नामांकन निरस्त किए जाने की घटना ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और सभी दलों के लिए समान अवसरों पर आधारित होता है.

> पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस घटनाक्रम को 'लोकतंत्र का काला दिन' बताते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों से अपना संघर्ष जारी रखेगी. उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया. दिनभर चले उपवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मीनाक्षी नटराजन के प्रति एकजुटता व्यक्त की. पार्टी नेतृत्व ने कहा कि नामांकन निरस्तीकरण को चुनौती देने के लिए सभी कानूनी और राजनीतिक विकल्पों का उपयोग किया जाएगा.

मंत्री उदय सिंह ने सुनीं भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 जून. शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का समाधान किया.

जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया.

24209 करोड़ का खाद्यान्न वितरित

लगभग 40 करोड़ का भुगतान ऑनलाईन किया

269 पीडीएस के प्रदाय केन्द्रों की संस्था को बढ़ाया

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 जून. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि दिसम्बर, 2023 से अभी तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5.39 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को कुल 24,209 करोड़ रूपये का 74.31 लाख में. टन नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया है.

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को नि:शुल्क राशन का वितरण करने के लिए असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों की 29 वी प्राथमिकता श्रेणी शामिल की गई. इसमें असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों के 7.82 लाख परिवारों के 27.80 लाख नवीन श्रमिकों को पात्रता पर्ची जारी कर नि:शुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है.

सामग्री के प्रदाय के राशि की बचत ...

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित राशन सामग्री के परिवहन करने वाले 896 परिवहनकर्ताओं एवं 27,872 दुकानों के कमीशन देयकों का प्रतिमाह लगभग 40 करोड़ रूपये का भुगतान ऑनलाईन किया जा रहा है. यह व्यवस्था माह फरवरी, 2024 से लागू है। पूर्व में संचालित 269 पीडीएस के प्रदाय केन्द्रों की संस्था को बढ़ाकर 273 की गयी है. इससे सामग्री के प्रदाय के समय एवं राशि की बचत हुई है.

प्री-मानसून बारिश ने एमपी में पकड़ी रफ्तार

14 जिलों में सामान्य से कई गुना अधिक वर्षा

कई जिलों में उमस और गर्मी बनी रही

भोपाल, 10 जून. मध्य प्रदेश में मानसून की आधिकारिक एंट्री से पहले ही प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं. जून के शुरुआती दस दिनों में प्रदेश के 14 जिलों में सामान्य से 100 प्रतिशत से लेकर 672 प्रतिशत तक अधिक बारिश दर्ज की गई है.

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी रहेगा, जबकि कुछ क्षेत्रों



में गर्मी का असर अभी भी बना हुआ है. 1 से 9 जून के बीच प्रदेश में औसतन आधा इंच से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है. सबसे अधिक बारिश निवाड़ी जिले में दर्ज हुई, जहां सामान्य 1.9 मिमी के मुकाबले 14.7 मिमी वर्षा हुई, जो 672% अधिक है. इसके अलावा नीमच में 493%, आगर-मालवा में 385 %, श्योपुर में 346%, मंदसौर में 334 % और भोपाल में 304% अधिक बारिश दर्ज की गई. अलीराजपुर, अशोकनगर, देवास, हरदा, मुरैना, राजगढ़, सीहोर और शाजापुर भी सामान्य से कहीं अधिक वर्षा वाले जिलों में शामिल हैं.

> बारिश के बावजूद प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी का असर कम नहीं हुआ है. बीते दिन खजुराहो प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दतिया में 44 डिग्री, जबकि राजगढ़, रीवा और टीकमगढ़ में तापमान 43 डिग्री के आसपास रहा. प्रदेश के 26 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया. भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में भी तापमान 40 डिग्री के करीब रहा.

किसानों ने रंगोली बनाकर उत्सव मनाया

पीएम मोदी के 4399 दिनों का कार्यकाल हुआ पूरा

भोपाल, 10 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 4399 दिनों का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर भोपाल की हुजूर विधानसभा क्षेत्र के किसानों ने नीलबड़ स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में अनाज से विशेष रंगोली बनाकर उत्सव मनाया.

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस अवसर पर हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया. आयोजकों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी देश के सर्वाधिक समय तक

निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं. इसी उपलक्ष्य में किसानों ने विभिन्न प्रकार के अनाज से आकर्षक रंगोली तैयार की, जिसमें प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल की 12 प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया.

> कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया. उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए मंदिर में आरती भी की. भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनका प्रतीकात्मक प्रदर्शन इस अनाज रंगोली के माध्यम से किया गया.

कर चोरी रोकने, सूचना देने वाले का नाम रहेगा गुप्त

सिंगरौली, 10 जून. उपायुक्त वाणिज्यक कर सिंगरौली द्वारा अवगत कराया गया है कि मध्यप्रदेश शासन के वाणिज्यिक कर विभाग ने टैक्स चोरी पर प्रभावी रोक लगाने और राजस्व की रक्षा के लिए नागरिक सूचना डैशबोर्ड नामक एक नया ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया है। वाणिज्यिक कर कार्यालय, वृत्त बैढ़न-सिंगरौली की उपायुक्त शीतल मिश्रा द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक संदिग्ध करदाताओं, अपंजीकृत व्यवसायों, फर्जी बिलिंग, कर चोरी, संदिग्ध गोदामों और संदिग्ध वाहनों से संबंधित शिकायत सीधे विभाग को ऑनलाइन भेज सकते हैं।

ज्योतिर्लिंग-द्वारका के दर्शन का अवसर

भारत गौरव ट्रेन से मिलेगा तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर

भोपाल, 10 जून. भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष धार्मिक यात्रा लेकर आया है. 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' के माध्यम से यात्रियों को ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के साथ द्वारकाधीश मंदिर और अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर मिलेगा.

यह विशेष ट्रेन 11 जुलाई 2026 को रीवा स्टेशन से रवाना होगी और पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से यात्री इसमें शामिल हो सकेंगे. यात्रा के दौरान ट्रेन सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल, शुजालपुर और उज्जैन सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी. इन स्टेशनों से श्रद्धालु ट्रेन में सवार होकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत कर सकेंगे.

> इस 10 रात और 11 दिन की विशेष यात्रा में श्रद्धालुओं को गुजरात और मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे. यात्रा कार्यक्रम में द्वारका स्थित द्वारकाधीश मंदिर, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जैसे प्रसिद्ध तीर्थ शामिल हैं. धार्मिक महत्व से भरपूर इस यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और यादगार बनाने की विशेष व्यवस्था की गई है. आईआरसीटीसी द्वारा उपलब्ध कराए गए पैकेज में रेल यात्रा, ठहरने की व्यवस्था, शुद्ध भोजन, स्थानीय परिवहन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और टूर एस्कॉर्ट जैसी सुविधाएं शामिल हैं. यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न श्रेणियों के आकर्षक पैकेज भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस यात्रा का लाभ उठा सकें.

दो दिवसीय अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिता संपन्न

भोपाल. राजभाषा हिंदी के संवर्धन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देने रेल प्रबंधक कार्यालय, भोपाल में अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण का दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ. इसका आयोजन नौ और दस जून को अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी अभिराम खरे के मार्गदर्शन में किया गया. प्रतियोगिता के प्रथम दिवस नौ जून को दो सत्र आयोजित किए गए. पहले सत्र में 'डिजिटल इंडिया और आधुनिक समाज' विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा दूसरे सत्र में 'सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप' विषय पर हिंदी वाक् प्रतियोगिता आयोजित हुई.

ड्रैगलाइन खनन एवं संचालन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 10 जून। सुरक्षित एवं दक्ष खनन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एनसीएल द्वारा आज बुधवार को सीईटीआई सिंगरौली में ड्रैगलाइन खनन एवं संचालन विषय पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ड्रैगलाइन संचालन एवं उसके सहायक कार्यों से जुड़े कर्मियों के बीच तकनीकी ज्ञान को साझा एवं सुदृढ़ करना तथा आधुनिक खनन चुनौतियों के अनुरूप उनकी क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम में एनसीएल के सीएमडी बी साईराम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस अवसर पर निदेशक रजनीश नारायण निदेशक आशुतोष द्विवेदी मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक वीसी के माध्यम से तथा अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के साथ एनसीएल की कार्यसंस्कृति वैज्ञानिक खनन पद्धतियों तथा दशकों से स्थापित उत्कृष्ट कार्य परंपराओं को साझा करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला-सिंगरौली (म.प्र.)
ULB Code-802426
क्र./2052/स्व.भा.मि./2026 दिनांक: 10.06.2026

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं, जो दिनांक 01 अप्रैल 2026 से पूर्ण रूप से प्रभावी हो गये है, और निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 लागू कर दिए गए हैं। उक्त नियमों के नियम क्रमांक 3 (झ/1),6 एवं 10 में थोक कचरा उत्पादक (Bulk Waste Generator - BWG) श्रेणी के लिए वर्णित परिभाषा एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार थोक कचरा उत्पादक की परिभाषा इस प्रकार है-

भारी मात्रा के अपशिष्ट जनित वो इकाइयों जो निम्नलिखित में से कम से कम एक मापदंड को पूरा करते हों- **1.** 20,000 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल (Floor Area) वाले भवन या, **2.** प्रतिदिन 40,000 लीटर जल की खपत या **3.** प्रतिदिन 100 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट उत्पादन सम्मिलित है उक्तानुसार निकाय सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मैरिज गार्डन, होटल/रेस्टोरेंट, धर्मशाला, अस्पताल/क्लिनिक, छात्रावास, सामुदायिक भवन, रहवासी संघ एवं अन्य संस्थान आदि जो कम से कम एक मानदंड को पूरा करते हैं वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुसार उन्हें थोक कचरा उत्पादक (BWG) माने जायेंगे। ऐसे थोक कचरा उत्पादकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 का पालन करना अनिवार्य होगा।

थोक कचरा उत्पादकों हेतु दिशा-निर्देश:-

1. सभी थोक कचरा उत्पादकों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा तैयार केन्द्रीकृत पोर्टल (Centralised Portal) पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
2. संस्थान में उत्पन्न गीले, सूखे एवं घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को पृथकीकृत कर एकत्र करना।
3. एकत्र गीले कचरे का संस्थान परिसर में ही निष्पादन करना।
4. पिट कम्पोस्टिंग, वर्मी कम्पोस्टिंग, बायोगैस संयंत्र, ओ.डब्ल्यू.सी. मशीन अथवा अन्य स्वीकृत तकनीकों के माध्यम से गीले कचरे का निपटान करें।
5. प्रतिदिन उत्पन्न कचरे के नियमानुसार प्रबंधन हेतु केयर टेकर को नियुक्त करना ।
6. प्रसंस्कृत गीले कचरे से प्राप्त खाद का उपयोग परिसर में हरित विकास हेतु करें।
7. संस्थान से निकलने वाले सूखे एवं अन्य अपशिष्टों को निकाय के अधिकारिक कचरा संग्राहक को ही सौंपें।
8. प्रतिदिन प्रसंस्कृत किये गये गीले अपशिष्ट एवं उत्पादित खाद का रिकॉर्ड/लॉग बुक संधारित करें।
9. यदि संस्थान अपने परिसर में ही गीले कचरे का प्रसंस्करण करने में असमर्थ है, तो नियमानुसार निकाय अथवा निकाय द्वारा अधिकृत संस्थान से गिले कचरे के प्रसंस्करण हेतु अनुबंध निष्पादन कर निकाय से विस्तारित थोक अपशिष्ट जनित उत्तरदायित्व प्रमाण पत्र (Extended Bulk Waste Generator Responsibility (EBWGR) Certificate) प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें।
10. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के नियम क्र. 6 एवं 10 में वर्णित समस्त प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। उपरोक्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी थोक कचरा उत्पादक अपने परिसर में उत्पन्न कचरे का निष्पादन किया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 एवं प्रचलित अधिनियमों के अंतर्गत नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)
//निविदा सूचना- (7th//CALL)//
क्रमांक-1008/ई-टेंडर/अमृत-2.0/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 10.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित कंपनी/फर्म/एजेन्सियों/ठेकेदारों से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptendders.gov.in पर देखा जा सकता है.

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समया वधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_514686_1 10.06.2026 (SEVENTH CALL) 1008/10.06.2026	अमृत-2.0 के अंर्गत रीवा नगर निगम की सीवरेज परियोजना का कार्य.	18 माह रु. 423.33 लाख	रु. 15000.00 रु. 211665.00	13.07.2026 18.00 बजे तक

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री (सीवरेज)
नगर पालिक निगम रीवा, (म.प्र.)

व्यापक अभियान एमपी पुलिस ने पांच दिनों में विभिन्न जिलों में बड़ी कार्रवाई की

मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज

विशेष संवाददाता

भोपाल, 10 जून. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाते हुए पिछले पांच दिनों में विभिन्न जिलों में बड़ी कार्रवाई की है.

इस दौरान पुलिस ने नशीले पदार्थों और उनसे जुड़े वाहनों व अन्य संपत्तियों सहित 1 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त की है. सबसे बड़ी कार्रवाई आगर मालवा जिले में हुई, जहां कोतवाली पुलिस ने एक कंटेनर वाहन में विशेष रूप से बनाए गए लोहे के गुप्त चैम्बर से 321 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया.

मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. जब्त मादक पदार्थ और वाहन की कुल कीमत लगभग 71 लाख रुपये आंकी गई है. जबलपुर में संयुक्त पुलिस दल ने नशा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनके पास से 6,600 मादक इंजेक्शन, मोबाइल फोन और एक ई-रिक्शा बरामद किया गया. इसके अलावा रतलाम, गुना, कटनी, सागर और सीधी जिलों में भी उल्लेखनीय कार्रवाई की गई. पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा,

> शिवपुरी में पुलिस ने स्मैक की बिक्री में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनके कब्जे से 62.28 ग्राम स्मैक, एक कार और मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 22 लाख रुपये बताई गई है. मंदसौर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में डोडा चूरा और एमडी ड्रग्स बरामद की, जिनकी कीमत करीब 17.66 लाख रुपये है.